भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3035
गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों को बंद किया जाना

3035. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान कोई विमानपत्तन बंद किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार और विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या विमानपत्तन बंद होने का एक कारण यात्रियों की कम संख्या है;

(ग) यदि हां, तो विशिष्ट रूप से यात्रियों की कम संख्या के कारण कितने विमानपत्तन बंद किए गए हैं; और

(घ) बंद किए गए ऐसे कितने विमानपत्तनों का सरकार द्वारा पुनरुद्धार करने का विचार है और ऐसे पुनरुद्धार की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): गुजरात में राजकोट हवाईअड्डा दिनांक 08.09.2023 को बंद कर दिया गया है क्योंकि नए ग्रीनफील्ड राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, हीरासर को दिनांक 10.09.2023 को प्रचालनरत कर दिया गया है।

(ग) और (घ): उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****